हरियाणा भूमि

एक अखबार पूरे राज्य के समाचार

ऑटो चालकों
का चक्का
जाम

टीडीआई सिटी में माई फ्लोर योजना लांच

पानीपत। रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टीडीआई ने कुंडली व मोहाली की सफलता के बाद वीरवार को पानीपत स्थित टीडीआई सिटी में माई फ्लोर्स योजना लांच की। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए टीडीआई ग्रुप के महाप्रबंधक अमन मेहरा ने कहा कि इस योजना से जहां आम आदमी के लिए अपने घर का सपना पूरा होगा, वहीं उन्हें यहां आधुनिक सुविधाएं भी मिलेंगी। क्योंकि आज महंगाई के दौर में आम आदमी के लिये अपना मकान बनाना बड़ा मुश्किल है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को किसी भी स्थान पर प्लाट खरीदने से पूर्व उस कम्पनी की विश्वनीयता, प्लाट या मकान की पूर्ण लोकेशन सहित सभी जानकारी हासिल कर लेनी चाहिए। इसके बाद ही अपनी पूंजी का निवेश वहां पर करना चाहिए ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि पानीपत में सुंदर व शांत घर का सपना कंपनी की माई फ्लोर्स योजना से पूरा होगा। इस योजना में शामिल इंडीपेंडेंट फ्लोर्स अपने आप में इस शहर के लोगों के लिए नई पेशकश है। जिसमें ग्राहकों कि सुविधाओं के अनुसार सभी बातों का ध्यान रखा गया है। मेहरा ने बताया कि टीडीआई सिटी करीब 300 एकड़ मे फैला हुआ है। इसमें सभी प्रकार की सुख-सुविधाओं जैसे शिक्षा, हैल्थकेयर, हरे-भरे पार्क व सुरक्षा की व्यवस्था का ध्यान भी विशेष तौर पर रखा गया है। आवागमन के लिए मैटल की सड़कों का निर्माण किया गया हैं। जीटी रोड पर ताउ देवीलाल पार्क से टीडीआई सिटी तक रेलवे ओवरब्रिज बनाया जाएगा। इससे टीडीआई सिटी के साथ-साथ पार्श्वनाथ पालीवाल, सेक्टर 35, 36, 37, 38, 39 सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को भरपूर फायदा होगा। टीडीआई सिटी में प्लाटों का कब्जा दो माह की समय अवधि में ही देने का काम शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने टीडीआई कम्पनी की जानकारी विस्तारपूर्वक लोगों को प्रदान की। इस अवसर पर मार्केटिंग मैनेजर संजीव मल्होत्रा, प्रोजैक्ट हैड राजू सुखीजा व कल्पना गौतम आदि मौजूद रहे।